वी. यू. के प्रशासनिक भवन का गौमाता पूजन से शुभारंभ

जबलपुर। आज दिनांक 09 जनवरी 2019 दिन बुधवार को माननीय डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा प्रांगण में गौ–माता का पूजन–अर्चन किया गया, तदोपरांत माननीय कुलपति जी ने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का विधिवत प्रवेश एवं शुभारंभ किया और विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का अवलोकन एवं निरीक्षण करते हुये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये, जिससे भविष्य में विश्वविद्यालय में चले विकास कार्यों को गति मिले सके। साथ ही विश्वविद्यालय में आगामी माह फरवरी की 21 तारीख 2019 को आयोजित होने वाले 5 वें दीक्षांत समारोह का भी जायजा लिया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डॉ. एस.एन.एस. परमार, अधिष्ठाता संकाय, डॉ. आर.पी.एस. बघेल, अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर, डॉ. यश पाल साहनी, संचालक अनुसंधान सेवायें, डॉ. श्रीकांत जोशी, कुलसचिव, श्री अनिल केशरवानी, लेखा नियंत्रक, डॉ. बी.सी. सरखेल, संचालक जैव प्रौद्योगिकी, डॉ. जे.के. भारद्वाज, संचालक प्रक्षेत्र, इंजी. श्री ए.के. सिंह, कार्यपालन यंत्री, डॉ. मधु स्वामी, परीक्षा नियंत्रक, डॉ. एस.के. महाजन, प्रभारी अधिष्ठाता, मत्स्य पालन महाविद्यालय, डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, डॉ. एस ठाकुर प्रभारी पशुधन प्रक्षेत्र, डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षा, डॉ. ए.के गौर, प्रभारी विभागाध्यक्ष/संचालनालय विस्तार शिक्षा, डॉ. सुदीप्ता घोश एवं समस्त प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर श्री विनोद शर्मा, प्रवक्ता, ई.टी.व्ही. मध्यप्रदेश चैनल का सहयोग प्रशंसनीय रहा।

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रशासनिक भवन, संयुक्त पशुधन प्रक्षेत्र, अधारताल, जबलपुर के निर्माण कार्यो में कार्यपालन यंत्री एवं वर्क सेक्सन के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों का सक्रिय सहयोग एवं योगदान सराहनीय रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर